हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 5 अक्टूबर 2025

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 शहर में बिना वैध लाइसेंस संचालित हो रहे कार ड्राइविंग...



07 प्रयास करेंगे विकास प्रोजेक्ट पास कराकर नया



**खबर संक्षेप में**

### निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कल

**नलखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री पवन वेदिया के जन्मदिन पर कल सोमवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन आरडी गार्डी मेडिकल कालेज के सहयोग से होगा।भाजपा जिला मंत्री पवन वेदिया के जन्मदिन के अवसर पर कल सोमवार को प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा परिसर में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। आरडी गार्डी मेडिकल कालेज व सीआर गार्डी अस्पताल उज्जैन के सहयोग से आयोजित शिविर में जनरल फिजिशियन जनरल सर्जनमहिला व प्रसूति विशेषज्ञ हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ शिशु रोग नेत्र रोग चर्म रोग नाक कान गला रोग दंत रोग विशेषज्ञ सहित कैंसर व बांझपन रोग के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे।

### नवरात्रि के पावन पर्व पर निकाली गई चुनरी यात्रा

**सीहोर ।** इछावर में नवरात्रि के पावन पर्व पर नवमी के दिन सौरभ मकरैया के संरक्षण में इच्छावर की सुख शांति समृद्धि के लिए चुनरी यात्रा निकाली गई उसके पश्चात माता रानी कों 101 मीटर की चुनरी समर्पित की गई ।

## पीला मोजक ने सोयाबीन समेत अन्य फसलों को पूरी तरह बर्बाद किया

# आगर जिले में फसल नुकसानी का मुआवजा नही मिलने से किसानों में पनप रहा आक्रोश





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

आगर जिले के किसानों के लिए इस बार की बरसात कहर बनकर आई। अत्यधिक वर्षा और पीला मोजक वायरस के प्रकोप ने सोयाबीन समेत अन्य फसलों को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। खेतों में पानी भर जाने से फसलें सड़ गईं और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। सबसे बड़ी समस्या यह है कि नुकसान झेलने के बाद भी आगर जिले को सरकार की मुआवजा सूची से वंचित रखा गया। प्रदेश सरकार ने कई जिलों में करोड़ों रुपए की राहत राशि बांटी, लेकिन आगर के किसानों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया। इससे यहां के किसानों और युवाओं में गहरी नाराज़गी है। किसान और युवा लगातार सोशल मीडिया पर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। वे सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर तीखी टिप्पणी कर रहे हैं। नाराज किसानों का कहना है कि— अब क्यों पछताते, जब चिड़िया चुग गई खेत। उनका आरोप है कि समय रहते जनप्रतिनिधियों ने उनकी सुध नहीं ली और अब उन्हें खाली हाथ छोड़ दिया गया है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष सहित कई ने लिखा पत्र

हालांकि, बढ़ते दबाव के बीच भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय और भाजपा के कई नेताओं ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मुआवजे की मांग की है। उन्होंने कहा कि आगर जिले की हालत गंभीर है और किसानों को तुरंत राहत मिलना चाहिए।

### कांग्रेस का हमला

वहीं, सुसनेर के कांग्रेस विधायक भैरोसिंह परिहार ह्यबापूह्ण ने भी सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा किसानों की बात सिर्फ मंचों और कागजों तक सीमित रखती है। उन्होंने मुआवजे से आगर जिले को बाहर रखने को किसान विरोधी रवैया बताते हुए सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कुल मिलाकर, आगर जिले के किसान प्राकृतिक आपदा के बाद अब सरकार की उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। किसान उम्मीद लगाए बैठे हैं कि सरकार उनकी सुध लेगी और जल्द से जल्द राहत राशि उपलब्ध कराएगी। बताया जाता कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के 13 जिलों के प्रभावित लगभग 5 लाख किसानों के खातों में 322 करोड रुपए की राहत राशि अंतरण की गई है।

## संघ का शताब्दी वर्ष

# आज निकलेगा पथ संचलन स्वयं सेवक होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में शताब्दी वर्ष में देश भर में पथ संचलन सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नलखेड़ा में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवकों का एक प्रभावी पथ संचलन आज रविवार को निकाला जावेगा। संचलन में हजारों की संख्या में संघ के नए व पुराने सभी स्वयंसेवकों द्वारा भाग लिया जाएगा। नगर के मध्य स्थित पांडिया कॉलोनी में दोपहर 3 बजे पथ संचलन के लिए स्वयसेवकों का एकत्रीकरण होगा। पथ संचलन में घोष वाहिनी, ध्वज वाहिनी, दंड वाहिनी आदि शामिल रहेगी। संचलन में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में घोष पर कदमताल करते हुए नगर का भ्रमण करेंगे। संचलन का नगर में स्थान स्थान पर नगरवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जावेगा। संचलन के पूर्व पांडिया कालोनी में एकत्रीकरण स्थल पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दायित्यवान अधिकारी द्वारा स्वयंसेवको का मार्गदर्शन किया जावेगा। शस्त्र पूजन का का कार्यक्रम भी होगा।

# दादावाड़ी में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन आज



नलखेड़ा। जिनचन्द्र सूरिजीके 71 वें जन्म वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर पार्श्वकुशल जिनमंदिर दादावाड़ी पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम रविवार को आयोजित किए जाएंगे। जंगम युग प्रधान वृहद् भट्टारक खरतरगच्छाधिपति जैनाचार्य 1008 जिनचंद्र सूरि महाराज साहब के 71 वें जन्मदिन की वर्षगांठ के अवसर पर रविवार को गुदरावन मार्ग स्थित दादावाड़ी परिसर में चंद्रप्रभा श्रीजी महाराज साहब की सुशिष्या रत्न निधि आदि साध्वी मंडल के सानिध्य में प्रातः 8 बजे गुरु वंदना, गुरु इकतीसा, सत्य साधना ध्यान, भजन, दादाबाड़ी शुद्धिकरण, दादा गुरुदेव की अष्टप्रकारी पूजन, आरती आदि धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इसी के साथ दादावाड़ी परिसर में पौधरोपण भी होगा।

# जागरुकता के लिए आयोजित होगा नुक्कड़ नाटक



**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के सहयोग से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के तत्वाधान में महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत दूसरे दिन शुक्रवार को केन्द्र के संचालक राहुल सिंह के मार्गदर्शन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आधा दर्जन से अधिक हितग्राहियों का पुष्पमाला के साथ स्वागत किया।

इस दौरान मंच के जिला उपाध्याय धर्मेन्द्र माहेश्वरी ने कहाकि नशा जीवन को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से बर्बाद कर देता है, क्योंकि यह स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, रिश्तों को तोड़ता है, वित्तीय बर्बादी का कारण बनता है और अपराध की ओर धकेलता है। लंबे समय तक नशे का सेवन कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं जैसे हृदय रोग, यकृत रोग, कैंसर और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकता है।

**आगामी दिनों में विद्यालयों में किया जाएगा नुक्कड नाटक :** श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि आगामी आठ अक्टूबर तक महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत आगामी दिनों में केन्द्र के द्वारा नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन किया जाएगा। नशा मनुष्य जीवन का नाश करता है। बेहतर जीवन के लिए नशे से दूर रहना ही समझदारी है। नशा करने वाला व्यक्ति अपना कितना धन व सम्मान नशे में खो देता है, उसे स्वयं ही मालूम नहीं होता। नशे की लत छूटने उपरांत उसे इसके दुष्परिणामों का एहसास होता है तथा पश्चाताप करता है कि उसने यह नशे की लत पहले ही क्यों नही छोड़ी।



## आईटीआई कॉलेज में दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

**नलखेड़ा।** स्थानीय शासकीय आईटीआई कॉलेज में प्राचार्य की अध्यक्षता में दीक्षांत समारोह 2025 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएल रावल ने उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार, स्वरोजगार एवं उच्च शिक्षा के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त पंकज आटेडिया, अजयराज डोडिया को प्रशस्ति पत्र एवं प्रशिक्षणार्थियों को अंकसूची,प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख अनिल सौराष्ट्रीय, डॉ चावरे, सुश्री रोहिणी प्रशिक्षण अधिकारी, विजय कुमार एवं स्टाफ सहित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का हूआ समापन



**बुधनी।** गांधी जयंती के अवसर पर स्थानीय नगर परिषद सभागार में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन हुआ इस अवसर पर सीएमओ संतोष रघुवंशी ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस मौके पर उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई वहीं संकल्प लिया कि अपने घर,कार्यालय एवं सार्वजनिक स्थानो पर स्वच्छता बनाए रखेंगे और आमजान को भी स्वच्छता के प्रति हमेशा प्रेरित करते रहेंगे इस अवसर पर फीडबैक फाउंडेशन के सदस्य, राजस्व निरीक्षक जितेंद्र सिंह बघेल, पंडित धीरेंद्र तिवारी, स्वच्छता निरीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान एवं नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आतिशबाजी के साथ हुआ रावण के पुतला का दहन



**रेहटी।** हिन्दू उत्सव समिति रेहटी द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी रंगारंग आतिशबाजी के साथ रावण का दहन हुआ कृषि उपज मंडी प्रांगण पर आयोजित इस समारोह में 51 फीट ऊंचा रावण आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। नगर रेहटी में लगातार परंपरा चली आ रही है रावण दहन का कार्यक्रम देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग यहां पर पहुंचते हैं। दशहरा पर्व पर हिन्दू उत्सव समिति द्वारा हनुमान मंदिर से भगवान श्री राम का रथ आरती के साथ प्रारंभ हुआ जिसमें बजरंग अखाड़े के कलाकारों द्वारा तरह-तरह के कर्तव्य दिखाए गए आगे आगे खड़े कलाकार अपने कर्तव्य दिखा रहे थे और पीछे-पीछे राम रथ के साथ लोग जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे थे जहां-जहां से भी रामरथ निकला नगर वासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जैसे ही राम रथ कृषि उपज मंडी प्रांगण पहुंचा वैसे ही जय श्री राम के जयकारों से पूरा मंडी प्रांगण गूज गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इटावा सरकार के गुरु जी द्वारा की गई वहीं मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद रेहटी के अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल द्वारा की गई उनके साथ हिन्दू समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता भी मंच पर उपस्थित रहे।

### उदयपुर में गूंजेगी सीहोर के अंकुश जैन की आवाज



**सीहोर।** भजन गायक अंकुश जैन 4 अक्टूबर को राजस्थान के उदयपुर में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रम में अपनी सुमधुर प्रस्तुति देंगे। अंकुश जैन उदयपुर में स्थित जिनशासन तीर्थ पर आचार्य पुलक सागर मुनिराज के सानिध्य में हो रहे पुलक मंच के राष्ट्रीय अधिवेशन की पूर्व संध्या पर आयोजित 'पुलक आइडियल' में शिरकत करेंगे। पुलक आइडियल प्रतियोगिता में अंकुश जैन अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, जिसका आयोजन गुरुदेव पुलक सागर मुनिराज के सानिध्य में हो रहा है। बता दें उदयपुर में आचार्य पुलक सागर महामुनिराज का चातुर्मास सानंद चल रहा है। इस दौरान पुलक जागृति मंच और महिला जागृति मंच का राष्ट्रीय अधिवेशन 4 अक्टूबर को होने जा रहा है।

## कल किसान जताएंगे विरोध, नगर में ट्रैक्टर रैली का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

मध्य प्रदेश सरकार की सोयाबीन भावांतर योजना के विरोध में किसान आगामी 6 अक्टूबर सोमवार को एक विशाल ट्रैक्टर रैली निकालने जा रहे हैं।

किसानों की प्रमुख मांग है कि सोयाबीन की खरीदी भावांतर योजना के बजाय न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाए। यह विशाल किसान आक्रोश वाहन रैली सुबह 11 बजे कृषि उपज मण्डी प्रांगण से शुरू होगी। किसान स्वराज संगठन (संयुक्त किसान मोर्चा) द्वारा आयोजित इस रैली में किसान कई मांगों को लेकर सरकार के सामने अपना विरोध दर्ज कराएंगे। किसानों का कहना है कि महंगाई के अनुपात में फसलों के दाम नहीं बड़ रहे हैं। जिससे खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। किसानों ने अपनी एकजुटता दिखाते हुए कहा, फसल हमारी, भाव तुम्हारा। नहीं चलेगा, नहीं चलेगा। किसानों ने मांग की हैं कि भावांतर योजना को बंद कर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन, मक्का की खरीदी सुनिश्चित की जाए। क्षेत्र में अतिवृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का तत्काल सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा और बीमा दिया जाए। रबी सीजन के लिए डीएपी और यूरिया की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति सुनिश्चित की जाए

### गांव-गांव में कर रहे किसानों से जनसंपर्क

बीते दिनों किसानों की बैठक में आयोजित हुई थी। इसमें ट्रैक्टर रैली निकालने का निर्णय लिया गया। अब रैली की तैयारी को लेकर किसान स्वराज संगठन और किसानों ने गांव-गांव संपर्क किया जा रहा हैं। 6अक्टूबर को विशाल रैली में शामिल होने के लिए किसानों से संपर्क उनकी की मांगों को लेकर किया जा रहा है।

## समर्थकों ने अज्ञात तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की

# जन्मदिन से पहले राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के पोस्टर फाड़े, समर्थकों ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री और इछावर विधानसभा सीट से विधायक करण सिंह वर्मा के 6 अक्टूबर को जन्मदिन से पहले जिले में एक राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। मंत्री वर्मा के समर्थकों द्वारा जन्मदिन की बधाई देने के लिए इछावर नगर में लगाए गए पोस्टरों को अज्ञात लोगों ने फाड़ दिया है। इस घटना से मंत्री समर्थकों में नाराजगी है। करण सिंह वर्मा जिले के सबसे वरिष्ठ राजनेताओं में से एक हैं, जिन्होंने इछावर विधानसभा सीट से नौ बार चुनाव लड़ा है और वह आठ बार विधायक चुने गए हैं। केवल एक बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। वर्तमान में वह प्रदेश सरकार में राजस्व एवं पुनर्वास मंत्री का पद संभाल रहे हैं। अमर्यादित कृत्यइतने वरिष्ठ और कद्दावर नेता के सम्मान में लगाए गए पोस्टरों को फाडऩा अमर्यादित कृत्य माना जा रहा है। समर्थकों का कहना है कि यह विरोधी तत्वों द्वारा जानबूझकर राजनीतिक दुर्भावना के तहत किया गया है ताकि मंत्री और उनके समर्थकों को अपमानित किया जा सके।जिले में पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएंयह पहली बार नहीं है जब जिले में इस तरह की घटना सामने आई हो। इससे पहले भी सीहोर में विभिन्न जनप्रतिनिधियों के पोस्टर फाड़े जाने के अनेक मामले सामने आ चुके हैं। इधर मंत्री वर्मा के समर्थकों ने घटना की जानकारी पुलिस प्रशासन को दी है और अज्ञात तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

## हाईवे पर मिला खून से लथपथ शवः परिजन बोलेः यह निर्मम हत्या, कोई हादसा नहीं



**सीहोर।** भोपाल बायपास पर लसुड़िया परिहार गांव के पास एक ढाबे के समीप 40 वर्षीय अभिषेक तोमर का खून से लथपथ शव मिला है। अभिषेक चाणक्यपुरी निवासी रिटायर्ड रेंजर विजय सिंह तोमर के बेटे थे। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस को शव पेट के बल पड़ा मिला। मुंह और नाक से काफी खून बह रहा था, जिससे प्रतीत होता है कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। घटनास्थल पर अभिषेक की बाइक भी खड़ी मिली। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। परिजनों ने इसे निर्मम हत्या बताया है। अभिषेक के पिता विजय सिंह तोमर ने स्पष्ट कहा है कि यह कोई हादसा नहीं, बल्कि हत्या का मामला है। कोतवाली थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस ने मार्ग कायम कर लिया है और शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### भंडारे में हजारों भक्तों ने ली प्रसादी

**देवास।** जलवा युवा ग्रुप द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बालगढ़ में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। संस्था सयोंजक भाजपा नगर महामंत्री दुर्गेश चिल्लोरिया ने बताया कि भण्डारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर नगर निगम सभापति रवि जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल पूर्व पार्षद अर्जुन चौधरी, जिला महामंत्री मनीष सोलंकी,पूर्व पार्षद अर्जुन यादव, पार्षद राजा अकोदिया, प्रदेश मंत्री दीपक बैरागी, प्रदेश मंत्री जुबेर लाला, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र नवगोत्री, सुरेश सिलोदिया, शुभ चौहान, मंडल महामंत्री नवीन सोलंकी, देवेंद्र अटारिया, राजा लोदवाल, विधान अग्रवाल, पंकज घारू,चतर्भुज पटेल,शुक्ला जी, राधेश्याम पटेल, योगेश पटेल, हरिशंकर प्रजापति,राजू सोनी माखन पटेल, दिलीप सगरवंशी, कैलाश गुर्जर, चिंतामन पटेल, प्रदीप सेन, अरुण लोदवाल, विजय जूनवाल, कमलेश सेंधव,राजा ठाकुर, तुषार यादव, गोपाल कप्तान, दीपक पाटिल, कमल पटेल,विकाश मिश्रा,पवन गजावत, शुभम चौहान, जीवन चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बरसते पानी में धधका पाकिस्तानी रूपी रावण

**देवास।** झमाझम बारिश के बीच भी देशभक्ति और उत्साह से सराबोर शहरवासियों ने पाकिस्तानी रूपी रावण का दहन बड़े ही अनोखे अंदाज़ में किया। हिन्दू उत्सव समिति एवं धर्मेंद्र सिंह बैस मित्र मंडल द्वारा वर्षों पुरानी परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी "बासी दशहरा" पर सर्जिकल स्ट्राइक थीम पर आधारित रावण दहन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गायत्री राजे पवार, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, विहिप जिलाध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, ठा. राजेंद्र सिंह बैस एवं गणेश पटेल रहे। समिति के बैस व सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत भगवा गमछा ओढ़ाकर किया।


परिवहन आयुक्त के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी दल ने की जांच

# शहर में बिना वैध लाइसेंस संचालित हो रहे कार ड्राइविंग स्कूलों की जांच की

## नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर की विधिवत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जांच दल प्रभारी मीनाक्षी गोखले एवं जांच दल द्वारा देवास शहर में बिना वैध लाइसेंस संचालित हो रहे कार ड्राइविंग स्कूलों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान शहर के कई ड्राइविंग स्कूलों का निरीक्षण किया गया और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई की गई। साथ ही बिना बीमा, फिटनेस, परमिट वाले वाहनों की जांच कर कुल 7 वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 40 हजार का चालान काटा गया। अभियान के तहत केलादेवी चौराहा स्थित पाटीदार कार ड्राइविंग स्कूल, इशिका कार ड्राइविंग स्कूल और मुखर्जी नगर में संचालित डोरिया कार ड्राइविंग स्कूल की जांच की गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि बिना वैध लाइसेंस के कार ड्राइविंग स्कूलों का संचालन कर रहे थे। आवश्यक दस्तावेज और लाइसेंस प्रस्तुत नहीं करने पर नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई ड्राइविंग स्कूल बिना वैध लाइसेंस के संचालित होता पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान बिना अनुमति किसी भी व्यक्ति की गाड़ी मौके पर मिली तो उसे जप्त कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि परिवहन आयुक्त के आदेशानुसार पूरे प्रदेश में शासन द्वारा मान्यता प्राप्त ड्राइविंग स्कूलों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान यह देखा जा रहा है कि स्कूल परिवहन विभाग के निर्धारित नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि प्रशिक्षण देने वाला स्टाफ योग्य है या नहीं, प्रशिक्षण के लिए आवश्यक वाहन, उपकरण और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं या नहीं। अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे केवल वैध और पंजीकृत ड्राइविंग स्कूलों से ही प्रशिक्षण लें, ताकि सुरक्षित ड्राइविंग की दिशा में सही मार्गदर्शन प्राप्त हो सके और सड़कों पर दुर्घटनाओं की संभावना कम की जा सके।







### ड्राइविंग स्कूल में ये नियम होना आवश्यक

प्रशिक्षण हेतु कक्षा का होना आवश्यक है। 05 वर्ष का अनुभव प्राप्त चालक होना चाहिए। परिवहन विभाग से जारी लाइसेंस प्राप्त होना चाहिए। स्वयं का प्रशिक्षण हेतु वाहन होना चाहिए। यातायात नियमों का चार्ट एवं नोट्स होना चाहिए।प्रशिक्षण प्राप्ति के बाद ही ड्राइविंग सर्टिफिकेट जारी होना चाहिए।

# दर्दनाक घटनाः मां ने 19 माह की बेटी के साथ कुएं में कूदकर दी जान

## पुलिस कर रही मामले की जांच





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के विजयागंज मंडी थाना क्षेत्र के हैबतपुरा गांव में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक घटना हुई, जहां एक महिला ने अपनी 19 माह की मासूम बेटी के साथ कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना में मां और बेटी दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, हालांकि आत्महत्या के कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। पुलिस के अनुसार, मृतका उर्मिला कुमावत ने अपने घर के पीछे खेत में बने कुएं में छलांग लगा दी। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। उर्मिला का पति मनीष किसी काम से इंदौर गया हुआ था, जबकि सास-ससुर नलखेड़ा माता मंदिर दर्शन करने गए थे। शाम को जब मनीष घर लौटे तो पत्नी और बच्ची दोनों घर पर नहीं मिलीं। कई बार फोन करने के बाद भी संपर्क नहीं हुआ तो उन्होंने आसपास खोजबीन शुरू की। खेत के पास कुएं के बाहर उर्मिला की चप्पलें पड़ी मिलीं। इसकी सूचना उन्होंने सरपंच को दी, जिसके बाद ग्रामीणों और पुलिस को बुलाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। कुएं में करीब 40 से 50 फीट गहराई तक पानी भरा होने के कारण शव निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। टीम ने पहले महिला और फिर कुछ देर बाद बच्ची का शव बाहर निकाला।पारिवारिक विवाद की जांच में जुटी पुलिसघटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक रूप से आत्महत्या के पीछे पारिवारिक विवाद की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, वास्तविक कारणों का खुलासा परिजनों से पूछताछ और जांच के बाद ही हो पाएगा।

### कैलादेवी मार्ग पर पेयजल लाइन से पानी बहा, एयरवॉल लीकेज से सडक़ पर जलभराव, तेज बहाव से खड़ी कार का सामने का शीशा टूटा

**देवास।** कैलादेवी मार्ग पर शुक्रवार देर रात नगर निगम की पेयजल लाइन में एयरवॉल लीकेज हो गया। लीकेज इतना भीषण था कि हजारों गैलन पानी सडक़ पर बह निकला और आसपास जलभराव हो गया। तेज बहाव के कारण एक खड़ी कार का सामने का शीशा टूट गया, जबकि एक अन्य वाहन में पानी भर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, लीकेज के दौरान पानी करीब 40 फीट ऊपर तक उछल रहा था। अचानक हुए इस हादसे से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोग भी रातभर परेशान रहे। मिश्रीलाल नगर क्षेत्र के लोगों ने बताया कि कैलादेवी मंदिर के पास स्थित इस पेयजल लाइन में कुछ दिन पहले भी समस्या आई थी। नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को ही मरम्मत कर इसे ठीक किया था, लेकिन कुछ ही देर बाद यह दोबारा फट गई। नगर निगम की कार्यपालन यंत्री इंदूप्रभा भारती ने बताया कि शिप्रा से देवास आने वाली मुख्य पेयजल लाइन में एयरवॉल लीकेज के कारण यह समस्या आई थी। उन्होंने कहा कि देर रात तक मरम्मत कर ली गई है और अब स्थिति सामान्य है।



### प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ी होंगे शामिल

**देवास।** ग्वालियर में 4 से 8 अक्टूबर तक स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देवास जिले से उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए बालिका वर्ग में दीक्षित ठाकुर, अर्पण सिंह, तथा बालक वर्ग में अक्षत जाधव, फैजान शेख, केयूर टेटवाल ,शरद सोलंकी अयान, ध्रुव , कुलदीप, सानिध्य, अभिषेक , गौरव, अमन, प्रथम हिस्सा लेंगे। खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए एशियाई जज प्रवीण ढोबले, राजीव चौहान, शिव प्रजापत, विवेक बंजारे, करिश्मा सोलंकी एवं विद्यालय संचालकों में ज्योति देशमुख , शकील कादरी, उस्मान शेख, सैयद रियाज हसन ने कहा कि ये खिलाड़ी देवास जिले का नाम रोशन करेंगे। प्रतियोगिता हेतु सभी खिलाड़ियों को उज्जैन संभाग के कोच ऋषभ यादव एवं महिमा साथ ही एवं टीम मैनेजर पुरुषोत्तम राठौर के मार्गदर्शन में रवाना किया गया। यह जानकारी देवास कराते कोच शिव प्रजापत ने दी।

# माता टेकरी मंदिर की दान पेटियों से निकला आस्था का धन पिछले वर्ष की तुलना में तीन लाख रुपए कम रही दान राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

देश का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल, शारदीय नवरात्र के बाद एक बार फिर श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति का साक्षी बना। शनिवार को यहाँ स्थित प्रसिद्ध माता टेकरी के दोनों मंदिरों की लगभग 21 दानपेटियाँ खोली गईं। दानपेटियाँ शारदीय नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा माता को अर्पित दान, भेंट और मन्नतों से भर गई थीं। दानपेटियों की गिनती का कार्य प्रशासन ने पूरी पारदर्शिता और सुरक्षा के साथ किया। कार्य में राजस्व, पुलिस विभाग के 100 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे, ताकि प्रक्रिया निष्पक्ष सम्पन्न हो। प्रारंभिक गिनती में दानपेटियों से भारी मात्रा में भारतीय मुद्रा प्राप्त हुई है। इसके अलावा, चांदी के आभूषण भी मिले हैं, जो श्रद्धालु माता को भेंट स्वरूप अर्पित करते हैं। विशेष बात यह रही कि इस बार भी दानपेटियों से सिंगापुर, नेपाल और सऊदी अरब के नोट मिले हैं। यह इस बात का संकेत है कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु भी देवास की माता टेकरी में गहरी आस्था रखते हैं। दानपेटियों से केवल मुद्रा और आभूषण ही नहीं निकले, बल्कि श्रद्धालुओं द्वारा लिखी गई मनोकामना की पर्चियां और पत्र भी मिले हैं। इन पर्चियों में भक्तों ने अपने जीवन से जुड़ी कठिनाइयों, इच्छाओं और समस्याओं का समाधान माँ से माँगा है। कुछ भक्तों ने अपने गंभीर रोगों से मुक्ति, रोजगार, विवाह, संतान सुख, आदि के लिए माता को पत्र लिखकर प्रार्थना की है। यह नजारा माता के प्रति गहरी श्रद्धा और भरोसे को दर्शाता है। दानपेटियों में मिली मुद्राएं, आभूषण, विदेशी नोट और मनोकामनाओं से भरी पर्चियां यह सिद्ध करती हैं कि लोगों के दिलों में माता टेकरी के प्रति कितनी गहरी आस्था है।इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में तीन लाख रूपये के लगभग दान राशि कम रही।पिछले शारदीय नवरात्र को 55 लाख रुपए का दान प्राप्त हुआ। था वहीं इस वर्ष 52 लाख रूपये का दान प्राप्त हुआ।



# धावड़िया गांव में करंट लगने से हुई अमरपुरा निवासी युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ग्राम अमरपुरा निवासी एक युवा, मजदूर छोड़ने ग्राम धावड़िया के खेड़ा गांव गया था। जहां पर उसे करंट लगने से मौत हो गई। शनिवार सुबह पुलिस थाना बागली से मिली जानकारी के अनुसार मृतक गणेश उर्फ कन्हैया पिता संतोष यादव निवासी ग्राम अमरपुरा मजदूर छोड़ने ग्राम पंचायत धावड़िया के गांव खेड़ा गया था। जहां पर उसकी करंट लगने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, मौका पंचनामा बनाया गया है। शव को शासकीय अस्पताल बागली लाया गया। जहां पर शव का पीएम कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि प्रथम दृष्टि में करंट लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। जानकारी अनुसार मृतक खेती किसानी का काम करता था जो कि प्रतिवर्ष सोयाबीन कटाई के लिए गांव खेड़ा से मजदूर लेकर आता था और काम होने पर उन्हें छोड़ने जाता था। शुक्रवार शाम को मृतक मजदूर को छोड़ना उनके गांव गया था। जहां पर उसे करंट लग गया और वहीं पर मौत हो गई। हालांकि करंट किन कारणों से लगा है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। हालांकि पुलिस मामले कि जांच कर रही है।



गुलाल से पटी नगर की सड़कें, ग्यारस के दिन विधिविधान से किया विसर्जन

# नम आंखों से दी नगरवासियों ने मां जगदंबे को विदाई






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर मे वर्षो पुरानी परम्परा का निर्वाहन करते हुए इस वर्ष भी ग्यारस के दिन विधिविधान से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन से पहले नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित दुर्गा पंडालों में नवमी को विशेष हवन पूजन किया गया। नौ दिवसीय नवरात्रि के बाद ग्यारस को नगर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन जुलुस निकाला गया।

नगर मे शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से विसर्जन जुलुस निकाला गया जो पारंपरिक जुलूस मार्ग से होता हुआ रानी दमयंती तालाब की पाल पर जाकर समाप्त हुआ। तालाब पर महाआरती की गई। जुलूस में नगर के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से बैंडबाजे, डीजे के साथ माता जी की प्रतिमा लाई गई। साथ ही नगर में इस जुलूस का बड़े हनुमान चौक में मंच बनाकर संस्था सांवरिया सेठ, रपट पर टीम राजेश सोनकर त्रिमूर्ति चौक पर खिचड़ी वितरित की गई। नगर परिषद कार्यालय के सामने मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पार्षद रोहित जायसवाल, छोटू लाल लोधी, मनीष यादव, सचिन यादव, धर्मेंद्र ठाकुर, सुरेश मालवीय, संदीप चावड़ा, राजेंद्र यादव,भादर सिंह भाटिया, सहित नगर परिषद के कर्मचारियों के द्वारा स्वागत किया गया। छोटे हनुमान चौक में रावड़ी ग्रुप के द्वारा स्वागत किया गया व बस स्टैंड पर लोधी समाज के द्वारा भी स्वागत एवं खिचड़ी वितरण की गई। वहीं जगह-जगह युवाओं द्वारा डीजे लगाकर स्वागत रखा गया था। नगर मे जगह जगह मंच बनाकर गुलाल की वर्षा की गई। जुलुस मे रानी दमयंती तालाब पर नगरवासियों के साथ सोनकच्छ एसडीएम प्रिया चंद्रावत, सोनकच्छ एसडीओपी दीपा मांडवे ,नायब तहसीलदार नेहा शाह, भौरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे, विद्युत मंडल सुपरवाइजर मंसूर अली राजस्व विभाग से पटवारी अशोक चौहान,थाना भौरासा के स्टाफ के साथ सोनकच्छ टोकखुर्द का भी पुलिस बल बुलवाया गया था एव राजस्व नगर परिषद का सम्पूर्ण स्टाफ भी मौजूद रहा। वही क्रेन व गोताखोरों की मदद से नगर परिषद भौरासा ने मूर्तियों को विसर्जन करवाया।

### श्रद्धा क्लब और मां वैष्णवी ग्रुप मालीपुरा के पोस्टर बने चर्चा का विषय

नगर में आज जहां माता विसर्जन चल समारोह बड़ी ही शांतिपूर्ण तरीके से निकला पूरे नगर की सड़के गुलाल से पटी हुई थी वही सबकी नजर नगर की दो झांकियों पर थी जो पूरे नगर में चर्चा का विषय बनी हुई थी इसमें युवा आगे आगे पोस्ट लेकर चल रहे थे श्रद्धा क्लब के पोस्ट पर लिखा हुआ था,क्या आपकी बहन- बेटी किसी वामपंथी- मजहबी की संगत में है तो समझ लीजिए कि उसकी जान और इज्जत दोनों संकट में है,तो वहीं एक दूसरे पोस्ट पर लिखा हुआ था, जब नोटबंदी और लोकडाउन का फैसला एक रात में हो सकता है। तो गौहत्या एक रात में बंद क्यों नहीं हो रही है। वही टीम मां वैष्णवी ग्रुप मालीपुरा के पोस्ट पर लिखा हुआ था, देश की बेटी अपनी बेटी रास्ते में खड़ी हर लड़की को घूरने वालों भगवान तुम्हें चांद से भी सुंदर बेटी दे,वही मां वैष्णवी ग्रुप मालीपुरा के दूसरे पोस्ट पर लिखा हुआ था,माफ करना मां रिल स्टोरी और इसनेप चेट के चक्कर में हम आपके हाथ जोड़कर दर्शन करना भूल गए है, जो पूरे नगर में चर्चा का विषय बने हुए थे।

# ॐ महाशक्ति ग्रुप विपिन शिवहरे मित्र मंडल ने धूमधाम से मनाया नवरात्र का पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ॐ महाशक्ति ग्रुप विपिन शिवहरे मित्र मण्डल के तत्वाधान में सार्वजानिक राज राजेश्वरी नवदुर्गा माता मंदिर परिसर में गरबा महोत्सव का 19 वा वर्ष सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। सभी के सहयोग ओर स्नेह से दस दिवसीय उत्सव, कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हुए है। शुक्रवार को कन्या भोजन, भंडारा प्रसाद जटाशंकर महंत श्री श्री 1008 बद्रीदास महाराज व अन्य संत मंडली के सानिध्य में सम्पन्न हुआ एवं सभी गरबा करने वाली बालिकाओं को पुरुस्कार प्रदान किये गए। कार्यक्रम में प्रदत्त समस्त पुरुस्कार बागली सरकार राजा राघवेंद्र सिँह द्वारा समिति को प्रदान किए गए।सामाजिक कुरीतियों से लड़ने हेतु आयोजित प्रतियोगिता में सेंट जॉन स्कूल चापड़ा की टीम ने प्रथम पुरुस्कार 7100रु एवं ट्रॉफी, मोबाइल के व्यर्थ उपयोग ओर हानि मंच से दर्शाने वाले बागली के बच्चो को द्वितीय(पुरुस्कार एवं ट्रॉफी) एवं स्वछता संदेश देते बागली के एक समूह को तृतीय पुरुस्कार समिति द्वारा दिए गए।इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव, उपाध्यक्ष आरती शिवहरे, वरिष्ठ समाजसेवी गीता प्रवीण चौधरी, अरूणा त्रिपाठी, दाखा कारपेंटर, संध्या शिवहरे तथा ललिता राजपूत के करकमलों से सभी बाल कलाकारों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन समिति के सदस्य वारिस अली ने किया।

## खबर संक्षेप

### ब्रेकर पर गाड़ी उछली महिला की मौत

**ललितपुर**। थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम इमलिया में रहने वाले रामरूप चौबे पुत्र भरत चौबे ने ललितपुर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। अवगत कराया कि बीती 18 सितम्बर को उसका चचेरा भाई प्रदुम्न चौबे पुत्र कृष्णदेव चौबे अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.85 सी.एस. 2304 से सुबह करीब 10.35 बजे गांव से ललितपुर आ रहा था। रास्ते में ग्राम चीरा से रोंडा के बीच रेलवे ओवरब्रिज के पास स्पीड ब्रेकर बना था, तब उसके चचेरे भाई ने अपनी मोटर साइकिल को तेजी व लापरवाही से चलाते हुये स्पीड ब्रेकर के ऊपर से निकाल दी, जिससे गाड़ी असंतुलित हो गयी और उसकी मां संगीता जो कि पीछे बैठी थी उछलकर दूर जा गिरी और बेहोश हो गयी। आरोप है कि महिला के सिर में चोट आयी और उनके कान से खून आने लगा था, तब संगीतादेवी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। अब रामरूप चौबे की तहरीर पर पुलिस ने प्रदुम्न चौबे के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी), 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

**ललितपुर**। देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक दम्पत्ति सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए ललितपुर मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां दो युवकों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायलों में टीकमगढ़ जिले के मवई थाना अंतर्गत ग्राम रायपुर निवासी दयाराम (30) और पत्नी मीरा (28) शामिल हैं। वे ललितपुर के ग्राम अण्डेला में अपने समधी मेहराम के अंतिम संस्कार में शामिल होने आए थे, जिनकी तालाब में डूबने से मौत हो गई थी। अंतिम संस्कार के बाद वे अपनी बाइक से टीकमगढ़ लौट रहे थे। यह हादसा ग्राम छिल्ला के निकट हुआ। बताया गया कि ग्राम छिल्ला निवासी प्रतिपाल (35) पुत्र जयराम खेत की ओर से अपनी बाइक पर आ रहा था और उसने दंपती की बाइक में टक्कर मार दी। इस भिड़ंत में तीनों लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल ललितपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। वहां दयाराम और प्रतिपाल की चोटें गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

### किसानों को मिल रही सरकारी रेट पर खाद

**ललितपुर** । जनपद के समस्त किसान के लिए खुशखबर वर्तमान में डी०ए०पी० 5848 मी०टन, एन०पी०के० 14125 मी०टन, एवं यूरिया 10845 मी०टन, की उपलब्धता है। जो कृषको निर्धारित दर पर उपलब्ध कराया जा हा है। साथ ही जनपद मे रबी फसलों हेतु उर्वरकों की रैके लगातार प्राप्त हो रही है, जिससे उर्वरको की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में बनी रहेगी, कृषक भाई अवगत होना चाहे की किन्ही अफवाहो एवं डी०ए०पी०, एन०पी०के०एस० उर्वरक में भ्रमित न हो रबी की फसलों की बुवाई हेतु जिस प्रकार डी०ए०पी० लाभदायक है, उसी प्रकार एन०पी० के०एस० उर्वरक संस्तुत मात्रा में लाभदायक है। अतः डी०ए०पी० उर्वरक के साथ साथ एन०पी०के०एस० उर्वरक का भी प्रयोग करें, चूकि सभी कम्पनी की डी०ए०पी० में तत्व 18:46 (नत्रजन 18 प्रतिशत फास्फोरस 46 प्रतिशत) जिसका निर्धारित मूल्य 1350 रू0 प्रति बोरी है। एन०पी०के०एस० में तत्व 20:20:0:13 (नत्रजन 20 प्रतिशत फास्फोरस 20 प्रतिशत एवं सल्फर 13 प्रतिशत) एन०पी०के० तत्व 9:24:24 (नत्रजन 9 प्रतिशत फास्फोरस 24 प्रतिशत पोटाश 24 प्रतिशत) पाये जाते है। एन०पी०के०एस० एवं एन०पी०के० के कम्पनीवार अलग अलग मूल्य है। जैसे कि 1450, 1500, 1550 एवं 2100 रू० प्रति बोरी है। अतः प्रिन्ट रेट देखकर ही कय करें। कृषकों को सुगमता पूर्वक व निर्धारित दर पर उर्वरको की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जिलाधिकारी द्वारा विकास खण्ड स्तर पर सहायक विकास अधिकारी (कृषि), तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सचल दल का गठन किया है।

भाजपा की नपा अध्यक्ष प्रत्याशी सोनाली विवेक जैन का गलियों में प्रचार अभियान जारी

# प्रयास करेंगे विकास प्रोजेक्ट पास कराकर नया अध्याय लिखने का काम करें: रावत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी की नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी सोनाली विवेक जैन का चुनावी जनसम्पर्क अभियान तूफानी गति से जारी रहा । शुक्रवार सांय आजादपुरा,तुवन मंदिर के पीछे,सोनी मिलन पैलेस और शनिवार सुबह खिरकापुरा,बूढ़े बब्बा जी के मंदिर, आंशिक चौवयाना में जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के संयोजन में सघन जनसम्पर्क जारी रहा । इस अवसर पर प्रत्याशी सोनाली विवेक जैन ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि में ललितपुर शहर की बहू हूं और मेरा विजन , हमारे शहर में नयी नयी योजनाएं लाकर विकास की नयी इबारत लिखने का है। जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में हमारीं सरकारें हैं और हमारा प्रयास होगा कि हम नये नये शहरी विकास प्रोजेक्ट पास कराकर अधिक से अधिक बजट लाकर शहर के विकास में नया अध्याय लिखने का काम करें।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड, हरीराम निरंजन, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप चौबे, राजकुमार जैन, जिला महामंत्री बंशीधर श्रीवास,धर्मेन्द्र पाठक , बसंती लारिया, रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु,,गौरव चौधरी, निखिल रामकुमार तिवारी, कौस्तुभ चौबे,डा दीपक चौबे,डा अजय जैन,डा बीणा जैन, नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठोर,सोनू चौवे, श्रीमती लक्ष्मी रावत नगर महामंत्री मनोज खटीक ,रजनी अहिरवार ,ध्रुव सिंह सिसौदिया,मनीष अग्रवाल, अजय पटैरिया, नरेंद्र कड़की पहलवान,कमलापति रिछारिया, हाकिम सिंह लोधी,दीपक पाराशर, संदीप सिंह बुंदेला,अवतार सिंह लोधी,नीतेश संज्ञा,कल्लन कुशवाहा,दीपक वैद्य, सुरेन्द्र प्रताप रजक, नासिर मंसूरी, ,आदि उपस्थित रहे।

## नगर का विकास करना रहेगी पहली प्राथमिकता : नीलम चौबे



समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी नीलम चौबे ने आगामी नगर पालिका उप चुनाव को ध्यान में रखते हुए मोहल्ला नेहरू नगर, चौकाबाग, गांधीनगर, आजादपुरा में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और नगर के विकास के वायदे किए। जनसंपर्क के दौरान इंडिया गठबंधन प्रत्याशी नीलम चौबे ने कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव गरीब, मजदूर, किसान, नौजवान और महिलाओं की आवाज को मजबूत करने का काम करती रही है। उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान सरकार केवल वादों और जुमलों तक सीमित रही है, जबकि जनता महंगाई, बेरोजगारी और अव्यवस्था से परेशान है। सपा कांग्रेस प्रत्याशी ने उन्होंने आश्वासन दिया कि जीत के बाद नगर का सर्वांगीण विकास उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इस दौरान हरी बाबू शर्मा, रामदास श्रोतीय, गीता मिश्रा, सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह, नगराध्यक्ष अभि खजुरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, रामप्रताप सिंह, शत्रुघ्न यादव, प्रमोद बबेले, अभय चौबे, कुलदीप पाठक, अभिषेक मिश्रा, राममूर्ति तिवारी, पूर्व पार्षद मुकेश रजक, अजय प्रताप सिंह तोमर, गौरव विश्वकर्मा, हरिसिंह, अरशद मंसूरी, भजनलाल कुशवाहा, बलवंत सिंह, राकेश रजक, नेहा तिवारी, रामनरेश दुबे, हृदेश मुखिया, मोंटी शुक्ला, अंकित यादव, शशिकांत दीक्षित, पंकज हुण्डैत, विधाकांत मालवीय, रविकांत दीक्षित, राजेश झा, सोनू शुक्ला सहित अनेक इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिला अस्पताल से झांसी रेफर किया

# टैक्सी को ओवरटेक करते व्यापारी की आंख में घुसा लोहे का सरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



शुक्रवार की देर शाम एक गल्ला व्यापारी की आंख में सरिया घुसने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब सरिया से भरी एक टैक्सी ने स्कूटी को ओवरटेक किया। व्यापारी को गंभीर हालत में झांसी रेफर किया गया है। कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला सिद्धनपुरा निवासी सुनील कुमार जैन (60) पुत्र कपूर चंद्र गल्ला मंडी में व्यापारी हैं। घटना के समय वे अपनी दुकान बंद कर मोहल्ले के दीपक राजा के साथ स्कूटी से घर लौट रहे थे। दीपक राजा स्कूटी चला रहे थे और सुनील जैन पीछे बैठे थे। देवगढ़ मार्ग पर स्थित देवगढ़ रेलवे क्रॉसिंग के ओवरब्रिज पर पहुंचते ही सरिया से भरी एक टैक्सी ने उनकी स्कूटी को ओवरटेक किया। टैक्सी से बाहर निकला लोहे का सरिया सुनील जैन की आंख में घुस गया, जिससे उनकी एक आंख फूट गई। उन्हें तुरंत मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। गौरतलब है कि ललितपुर में सरिया भरकर ले जाने वाले वाहन चालक अक्सर सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करते। वे सरिया के पीछे खतरे के निशान के लिए लाल कपड़ा या झंडी नहीं लगाते और न ही सरिया की नोक पर सुरक्षा के लिए बोरा या गद्दी बांधते हैं। इसके बावजूद, यातायात विभाग या परिवहन विभाग द्वारा ऐसे वाहनों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती और न ही उनके चालान काटे जाते हैं।

# कार्यक्रम से लौट रहे जीप चालक को रोका, मुंह में मुक्का मारा

ललितपुर। मध्य प्रदेश पुलिस से रिटायर्ड होने की बात कहते हुये बदमाश ने जीप रोकते हुये मोबाइल फोन लूटने का प्रयास किया। मोबाइल की स्क्रीन फूट जाने के कारण जीप चालक पर मुक्के से हमला कर लहूलुहान कर देने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण को लेकर पीड़ित ने थाना मड़ावरा में शिकायत दर्ज करायी है। मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अन्तर्गत थाना देहात के ग्राम बड़ागांव खुर्द निवासी रामलखन सिंह पुत्र स्व.नारायणसिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 1 अक्टूबर को वह भीकमपुर गांव में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बहू के साथ आया हुआ था। कार्यक्रम उपरान्त वह बहू को लेकर अपनी बुलैरो कार संख्या एम.पी.04 सी.ई. 6577 से वापस आ रहा था। रात करीब 10.30 बजे रनगांव के नजदीक पहुंचा तो वहां तिराहा के पास रखी मां देवी के पास दो व्यक्ति मड़ावरा की ओर जा रहे थे। एक आदमी बड़ा सा टी-शर्ट पहने सांवला से गले में चैन पहने हुये आया और उसकी जीप रोक ली। कारण पूछने पर उसने अपने आप को ठेका वाला बताते हुये कहा कि वह मध्य प्रदेश पुलिस से रिटायर्ड है। उक्त व्यक्ति उसे गालियां देने लगा, तभी उक्त व्यक्ति ने उसके मुंह में घूसा मार दिया।

# महाप्रबंधक ने किया ललितपुर जंक्शन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने शनिवार सुबह ललितपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। वे सुबह 10:10 बजे परख विशेष निरीक्षण यान से स्टेशन पहुंचे। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक सिंह ने प्लेटफॉर्म नंबर एक पर एक नए भवन के सामने चार महीने से खुदे पड़े हिस्से को देखा। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और निर्माण विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा, पूरा सत्यानाश कर दिया। इसके बाद, उन्होंने झांसी रेल मंडल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार को डीएसटी (डिविजनल सिग्नल एंड टेलीकॉम इंजीनियर) को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पेयजल स्टैंड के पास पानी फैलने से रोकने के लिए चारों ओर प्लेटफॉर्म बनाने को कहा। सिंह ने प्लेटफॉर्म नंबर एक और मालगोदाम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान, समाजसेवियों ने विभिन्न ट्रेनों के ललितपुर स्टेशन पर ठहराव की मांग की। निरीक्षण के समय रेलवे विभाग के कई अधिकारी मौजूद थे।

# विहिप, बजरंग दल का स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



विश्व हिन्दू परिषद का गौरवशाली 61वां स्थापना दिवस व बजरंग दल का 41वां स्थापना दिवस गोशाला अखाड़ा तालाबपुरा में बड़े धूमधाम से मनाया गया। सुबह से हनुमान मंदिर गौशाला अखाड़ा तालाबपुरा में हवन पूजन व शस्त्र पूजन किया गया तो वही शाम को स्वयं सेवकों ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100वें वर्ष पूर्ण होने पर दीपोत्सव मनाया गया। इस दौरान शीलचंद्र सिंघाई (पप्पी), फूलचंद्र विश्वकर्मा, आदर्श जैन, अविन्द संज्ञा, नरेश विदुआ, नरेन्द्र पाठक, अशीष तिवारी, पंकज रैकवार, रज्जन चतुर्वेदी, मुन्ना तिवारी, अनिल गिरी, रजनीश गिरि, रजत गिरी, रामरतन माली, मनीष पवैया, मुकेश जैन, प्रभु, कोमल, पूरन, रतन, प्रकाश, कमता, प्रताप कुशवाहा, अंकित शिवाजी, टोनी, संजय, प्रेम, जगदीश, कक्कू, महेश श्रीवास्तव, कुंदन सेन, रोहित यादव, रामेश्वर साहू, बड़े वल्ली चौबे, कल्लन चौबे, प्रताप सोनी, विपिन सराफ, आनंद रानू, सौरभ साहू, शैलेश राठौर, मनीष रजक, अतुल खरे, प्रदीप गिरि, शंकर कुशवाहा ठेकेदार, भोडले, शांत सागर, छोटे साहू रूपेश, गोविन्द श्रीवास्तव, सद्दे यादव, बल्देव राजा आदि मौजूद रहे।

तालबेहट, महरौनी, मड़ावरा व पाली में आयोजित हुआ शिविर

# संपूर्ण समाधान दिवस का किया आयोजन, मौके पर कई शिकायतों का करवाया गया निस्तारण

**ललितपुर**। जन शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी अमनदीप डुली के निर्देशन में जनपद की तहसील तालबेहट, महरौनी, मड़ावरा व पाली में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। सीडीओ ने तहसील महरौनी व अन्य तहसीलों में उप जिलाधिकारियों ने जनता की शिकायतें सुनी। फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि समस्याओं का एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के लिए पहले व तीसरे शनिवार को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जाता है। अधिकारियों से कई शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित कराया और शेष शिकायतों के लिए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मौके पर जाकर समस्या का संज्ञान ले और शिकायतकर्ता की मौजूदगी में शिकायत का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 82 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 28, विकास के 08, पुलिस के 18, विद्युत के 02, नगर पंचायत का 01, पूर्ति के 12 तथा अन्य विभागों के 13 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 09 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में कुल 36 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 20, पुलिस के 06, विकास का 01, पूर्ति का 01, विद्युत का 01 तथा अन्य विभाग के 07 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 04 प्रकरणों निस्तारण कराया गया। तहसील पाली में कुल 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 08, पुलिस के 04, पूर्ति के 04, चकबंदी का 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में कुल 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 04, पुलिस का 01 तथा आंगनबाड़ी का 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, 01 का निस्तारण कराया गया।

# वरदानी भवन में सजाई गई नव चैतन्य झांकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय वरदानी भवन द्वारा ब्रह्माकुमारी बहनों ने शिवोहम आश्रम में नव चैतन्य झांकियां सजाई। जिसमें बड़े ही धूमधाम से पवित्र नवरात्रि महोत्सव मनाया गया। मां भवानी की चैतन्य मनमोहक झांकी के दिग्दर्शन एवं भाई-बहनों ने नृत्य कर माता की आराधना। जिसमें बच्चों, माताओं, भाई-बहनों सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे। जिसमें राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी के सानिध्य में बीके रूबी दीदी ने अध्यात्मिक नवरात्रि महोत्सव के महत्व के बारे में बताया कि शिव शक्तियां, आसुरी शक्तियों का नाश करती हैं। इस दौरान बीके मायारानी दीदी, बीके प्रीती दीदी, बीके प्रियंका बहन, निशा बहन, बीके पूजा बहन, बीके विद्यासागर भाई, एड.रामस्वरूप साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, कुंज बिहारी उपाध्याय, शिवचरण सोनी, केशव प्रसाद पांडे, राधेश्याम ताम्रकार, अशोक भाई, महेश कंचन, गणेश साहू, अमन जोशी, मनोज जोशी, मनीष दुबे, रोहित श्रीवास्तव, हरिशंकर साहू, विनोद यादव, शुभम भाई, नितिन निरंजन, डा.पुरुषोत्तम निरंजन, गोपाल साहू, कैलाश नारायण, खुशीलाल भाई, दातार भाई, अनीता चौरसिया, चंदा साहू, सीमा नरवरिया, रेखा सिंधी, आशा सिंधी, किरण साहू, मुन्नीराजा बुंदेला आदि मौजूद रहीं।

# अलमारी में रखी लाइसेंसी पिस्टल गायब, रिपोर्ट दर्ज

**ललितपुर**। करीब बीस दिन पहले घर की अलमारी में रखी लाइसेंसी पिस्टल अचानक से गायब होने से शस्त्र लाइसेंस धारक की परेशानियां अचानक से बढ़ गयीं। किसी अप्रिय घटना कारित न हो इसके लिए काफी खतरा बना हुआ है। इस सम्बन्ध में पिस्टल मालिक ने कोतवाली पुलिस को लिखित रूप से सूचना दी है। पुलिस ने पिस्टल गायब होने की अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।सिटी चौकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला तालाबपुरा डोंडाघाट में रहने वाले आनन्द कुमार पुत्र खूबचन्द्र लोधी ने पुलिस को लिखित तहरीर दी है। अवगत कराया कि वर्ष 2012 में उनके नाम से लाइसेंस नम्बर 347/पी.एस.-ललितपुर 2011 जारी हुआ था। इस लाइसेंस के बाद उसके पास पिस्टल शस्त्र संख्या 240313445 थी। आनन्द कुमार के मुताबिक उसने 24 अगस्त 2025 को अपनी लाइसेंसी पिस्टल अपने घर की अलमारी में रख दिया था। करीब 20 दिन बाद 15 सितम्बर 2025 को अपराह्न करीब 2 बजे उसने अपने घर की अलमारी को खोलकर देखा, तो उसका पिस्टल शस्त्र उक्त स्थान पर मौजूद नहीं था। आनन्द कुमार के अनुसार पिस्टल के अन्दर उसका शस्त्र लाइसेंस व खाली मैगजीन थी, जिसकी उसने काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिली। अब पीड़ित ने किसी अप्रिय घटना कारित न जाये, ऐसा खतरा होने का अंदेशा व्यक्त किया है। पुलिस ने आनन्द कुमार की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

राष्ट्रीय सेवा योजना मिशन शक्ति के तहत अच्छा स्पर्श और बुरा स्पर्श कार्यशाला का आयोजन

# छात्राओं को अच्छा व बुरा स्पर्श में अंतर बताते दिशा निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत मिशन शक्ति के तत्वावधान में गुड टच / बैड टच विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को अच्छा स्पर्श और बुरा स्पर्श में अन्तर बताया गया एवं इससे सावधान व जागरूक रहने की सलाह व दिशा निर्देश दिये गये। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ० लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश, आईक्यूएसी० प्रभारी प्रभांशु नगाइच एवं संयोजक दिनेश श्रीवास्तव ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। डॉ० लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज के आधुनिकता के दौर में लोग पाश्चात्य सभ्यता अपना रहे हैं एवं अपनी मूल भावनाऐं और मार्यादाऐं भूलते जा रहें हैं। कुछ विकृत मानसिकता के लोग महिलाओं के साथ असहज व्यवहार करते हैं ऐसे लोगो से सावधान रहें एवं अमर्यादित आचरण का खुलकर विरोध करें।प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि आप लोग भूलवश व जान बूझकर किये गये स्पर्श में अन्तर समझे एवं उसकी भावना को समझे आर्शीवाद देना एवं सहारा देना अच्छा स्पर्श है लेकिन इसके पीछे उसकी नियत का आंकलन करें। यदि कोई ऐसी जगह स्पर्श करे जिससे आप असहज महसूस करें तो तुरन्त उसका प्रतिरोध करें इसकी अनदेखी न करें किसी अपरिचित व्यक्ति के साथ उपहार, खान पान व प्रलोभन में साझा न करें। जहाँ भी जाये अपने माता पिता को सूचित अवश्य करें। किसी आपात स्थिति में पुलिस हेल्पलाइन का सहारा लें।

प्रवक्ता रानी पुरोहित ने कहा कि यात्रा करते समय बस, रेल या अन्य वाहनों में बुरे स्पर्श की सम्भावना अधिक रहती है एसी जगह आप सतर्क और चौकन्ना रहें। देर रात अकेले और निर्जन स्थान पर जाने से बचे एवं अश्लील व भड़काऊ वस्त्र धारण करने से परहेज करें कार्यक्रम संचालन प्रवक्ता अभिषेक शुक्ला ने किया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी दिनेश श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असि०प्रो० दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, आसिफ खान, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

### विजयादशमी पर्व आयोजन के दौरान सर्वश्रेष्ठ झांकियों को किया सम्मानित

# उत्कृष्ट प्रस्तुतियों पर सम्मानित हुईं राजगढ़ की विभिन्न झांकी समितियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गणेशोत्सव एवं नवरात्र के दौरान नगर के दर्जनों स्थानों पर विघ्नहर्ता भगवान गणेश एवं माताजी की प्रतिमाएं स्थापित करते हुए झांकी समितियों द्वारा उत्कृष्ट प्रस्तुतियां एवं व्यवस्थाएं की गई थीं। कुछ झांकियों पांडालों में जहां प्रतिदिन भंडारों, कन्या भोज इत्यादि के आयोजन हुए तो कहीं श्रृद्धालुओं के लिए अन्य तरह की उत्कृष्टतम व्यवस्थाएं समितियों द्वारा की गई थीं। ऐसे में विजयादशमी पर्व के अवसर पर दशहरा मैदान में आयोजित समारोह में समाजसेवी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशीष हरिचरण तिवारी द्वारा विभिन्न झांकी समितियों के आयोजक एवं पदाधिकारियों के उत्साहवर्धन हेतु शील्ड प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। अलग-अलग मापदंडों के आधार पर चयन समिति द्वारा विभिन्न झांकी समितियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों से नवाजा गया।

#### गणेशोत्सव की इन समितियों को मिला सम्मान

10 दिवसीय गणेशोत्सव पर्व के दौरान राजगढ़ नगर में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रही बड़ चौक स्थित मां बीजासन उत्सव समिति को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। समिति अध्यक्ष उदय सिंह पंवार व टीम ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। इसी तरह अंजनीलाल मंदिर समिति, खिलचीपुर नाका एवं लाल माता ग्रुप को संयुक्त रूप से द्वितीय एवं डमरू ग्रुप, पाड़ाखाना को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया।

#### नवरात्रि में इन झांकियों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

शारदेय नवरात्र के दौरान सजाई गई झांकियों में त्रिशूल मित्र मंडल को प्रथम, एकता ग्रुप को द्वितीय एवं महाकाल ग्रुप पुरा को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। समिति पदाधिकारी एवं सदस्यों से अपेक्षा की गई की वे आगे भी इसी तरह नगर के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर सहभागिता करें।

#### त्रिशूल मित्र मंडल द्वारा विशाल नगर भंडारा 7 को

इसी कड़ी में नाका नंबर-3 स्थित त्रिशूल मित्र मंडल द्वारा आगामी 7 अक्टूबर को विशाल नगर भंडारे का आयोजन भी रखा जा रहा है। इसके लिए समिति पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। भंडारे में हजारों श्रृद्धालु माता की प्रसादी गृहण करने पहुंचेंगे। भंडारा आयोजन के चलते समिति द्वारा अभी माता की प्रतिमा का विसर्जन भी नहीं किया गया यद्यपि विधि-विधान अनुसार अन्य धार्मिक अनुष्ठान जरूर पूरे कर लिए गए हैं।




# सितंबर का राशन लेने से चूके उपभोक्ता पांच अक्टूबर तक ले सकेंगे लाभ

### कृषकजनों की सुविधा के दृष्टिगत जिला प्रशासन का फैसला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गत सितंबर माह में राशन लेने से चुके पात्र हितग्राहियों के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। ऐसे उपभोक्ता जो किन्हीं कारणों से सितंबर तक अपना राशन नहीं ले पाए उनके लिए प्रशासन ने राशन लेने की अंतिम तिथि 5 अक्टूबर कर दी है।

जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि शासन द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना सहित अन्य खाद्य योजनाओं के माध्यम से जिले के गरीब और जरूरतमंद परिवारों को निरंतर लाभ पहुंचाया जा रहा है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि किसी भी परिवार को आने वाले समय में योजनाओं से वंचित न होना पड़े, इस हेतु शासन ने इस बार विशेष निर्देश जारी किए हैं।

#### खरीफ कटाई के कारण बढ़ाई गई तारीख

गौरतलब है कि सितंबर माह में खरीफ फसलों की कटाई, त्यौहारों की व्यस्तता व अन्य कारणों से बड़ी संख्या में उपभोक्ता, कृषकगण समय पर राशन दुकानों तक नहीं पहुंच पाए। इस स्थिति को देखते हुए शासन ने सितंबर माह के राशन वितरण की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 5 अक्टूबर तक कर दिया है। अब उपभोक्ता इस अवधि में निर्धारित पात्रता अनुसार राशन ले सकेंगे। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के सभी उचित मूल्य दुकान संचालकों को निर्देशित किया है कि वे उपभोक्ताओं को राशन वितरण के साथ-साथ ई-केवाईसी भी अवश्य कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी समय में ई-केवाईसी पूर्ण होने पर ही उपभोक्ताओं को योजनाओं का लाभ मिल पाएगा। अतः प्रत्येक परिवार को यह कार्य समय पर पूर्ण करने की आवश्यकता है।

## नाबालिग बालिका दस्तयाब, आरोपी को गिरफ्तार किया

**नरसिंहगढ़।** मंगलवार को पुलिस ने एक नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि बीते 23 सितंबर को फरियादी द्वारा नाबालिग पुत्री उम्र 16 वर्ष के बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट पर थाने में दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की खोजबीन के लिए टीम गठित की थी। पुलिस टीम के प्रयासों से बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी संजय पिता देव सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम गोपालपुरा, जिला सीहोर एवं उसके सहयोगी मोनू प्रजापति निवासी सूरजपोल, नरसिंहगढ़ को गिरफ्तार कर लिया।

## उल्लास और श्रद्धा के साथ हुआ मातारानी की प्रतिमाओं का विसर्जन

**नरसिंहगढ़।** नवरात्रि पर्व का शुक्रवार को समापन हुआ। इस दौरान मातारानी की प्रतिमाओं का विधिविधान से बांडा स्थित बेदरा तालाब पर नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में झांकी समितियों द्वारा विसर्जन किया। इस मौके पर जुलूस के रूप में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में सजी झांकियां ढोल-ढमाकों और भक्ति गीतों के बीच विसर्जन स्थल तक पहुँचीं। इस दौरान युवा भक्तों ने जमकर नृत्य कर उत्साह बढ़ाया। शहर में उल्लास और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर के दो दर्जन से अधिक झांकी पंडालों से प्रतिमाएं विसर्जन के लिए लाई गईं। विसर्जन कार्यक्रम के दौरान एसडीओपी मिनी शुक्ला, टीआई शिवराज सिंह चैहान, सीएमओ अभिषेक जैन सहित पुलिस-नपा टीम और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए

# श्री खाटू श्याम मंदिर में भक्तों का उमड़ा सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

पापांकुशा एकादशी के अवसर पर शुक्रवार को ब्यावरा स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। अनुमान के मुताबिक 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए। मंदिर प्रबंधन समिति ने इस अवसर के लिए विशेष तैयारियां की थीं। उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो गेंदे के फूलों से बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार किया गया, जिसने भक्तों को खूब आकर्षित किया। सुबह की आरती से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था। दोपहर की आरती तक मंदिर प्रांगण पूरी तरह से खचाखच भरा रहा। शहर के अलावा आसपास के गांवों और पूरे जिले से बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे।

**पापांकुशा एकादशी पर कई गांवों से ढोल-ढमाकों और डीजे के साथ निशान यात्राएं मंदिर पहुंचीं :** शहर की पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से भी एक विशाल निशान यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष बाबा का निशान लेकर शामिल हुए और उसे श्रद्धापूर्वक बाबा श्याम को समर्पित किया। अत्यधिक भीड़ को देखते हुए सिटी थाना पुलिस की अतिरिक्त टुकड़ी मंदिर परिसर और आसपास तैनात की गई थी। नगर सुरक्षा समिति के कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धालुओं को सुचारु रूप से दर्शन कराने और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया। भीड़ के दबाव के कारण प्रशासन ने हाइवे का रूट डायवर्ट कर भारी वाहनों को वन-वे मार्ग से निकाला। हिंदू धर्म में पापांकुशा एकादशी का विशेष महत्व है। यह प्रतिवर्ष आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाई जाती है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से व्यक्ति के जाने-अनजाने सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और व्रती को सुख-समृद्धि तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है।



#### पुलिस ने लगाया अतिरिक्त बल

सिटी थाना ब्यावरा पुलिस बल एवं अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था अत्यधिक भीड़ को देखते हुए की गई। इसके अलावा नगर रक्षा समिति के सदस्यों द्वारा हर ग्यारस को निरंतर सेवा दी जा रही है। खाटू श्याम मंदिर धाम पर हर एकादशी पर नरेन्द्र सिलावट नगर रक्षा समिति अध्यक्ष, राजा राम दांगी, अखिलेश गौड़, राहुल लश्करी, जितेंद्र सिलावट, श्रीपाल राजपूत, सागर सिंह जाटव, अरुण जाटव आदि ने सुरक्षा व्यवस्था में सेवाएं दी।

## आरोग्यम स्वास्थ्य केंद्र कुरावर में फल वितरण कर मनाई गांधी जयंती



**कुरावर।** महात्मा गांधी महाविद्यालय कुरावर के छात्रों द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गांधी जयंती के उपलक्ष्य में गांधी जी के आदर्शों को ध्यान में रखते हुए की देश और समाज की सेवा करना ही गांधीजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसलिए विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश आरोग्यम स्वास्थ्य केंद्र कुरावर में फल वितरण किए एवं संकल्प लिया कि हम महात्मा गांधी के आदर्शों का सम्मान करते हुए, दूसरों की सेवा में अपना योगदान देने का संकल्प लेते हैं। इस कार्यक्रम में महात्मा गांधी महाविद्यालय कुरावर का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



## आकर्षक आतिशबाजी के साथ सारंगपुर में दो स्थानों पर हुआ रावण के पुतले का दहन



**सारंगपुर।** हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष ध्रुव भल्ला के तत्वावधान में विजयादशमी पर्व पर शुक्रवार को नगर में रावण के पुतले दहन का आयोजन किया गया। परंपरा अनुसार दो स्थानों पर रावण के पुतले बनाए गए जो आकषर्क थे हिन्दू उत्सव समिति की और से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम लक्ष्मण हनुमान जी की झांकी सजाई गई थी अखाड़े के साथ चल समारोह नगर के प्रसिद्ध अम्बे माता मंदिर से पूजन कर निकाला गया जो मुख्यमार्ग होते हुए पुराना दशहरा मैदान पहुंचा, पुराने दशहरा मैदान में शाम 6 बजे 31 फीट ऊँचे रावण के पुतले का दहन किया गया। मां शक्ति दुर्गा की पूजा अर्चना कर रावण के पुतले का दहन किया। वहीं नए बस स्टैंड पर 65 फीट ऊँचे रावण का दहन आकर्षक आतिशबाजी के साथ किया गया। रावण दहन के पूर्व हिन्दू उत्सव समिति की और से मंचासीन कार्यक्रम आयोजित किया। जिसका संचलन सुशील व्यास,हरीश सोलंकी ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि, राज्यमंत्री गौतम टेटवाल सहित पूर्व विधायक कुंवर कोठार, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल नपा उपाध्यक्ष भावना वर्मा एवं पूर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष रमेशचंद्र वर्मा ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमानजी की झाकी की पूजा अर्चना की। इस दौरान हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला एवं समिति पदाधिकारियों ने अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में आकर्षक आतिशबाजी हुई, जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में महिला-पुरुष और बच्चे मौजूद रहे। इस अवसर पर एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा, तहसीलदार आकाश शर्मा, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, अशोक साहू, दिनेश सिसोदिया, वैभव पुष्पद, सतीश मिश्रा, सतीश राठौर, सतीश गिरजे अमित दुबे, नवीन रुण्डवाल, राजेश बंसल सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### शुक्रवार को फिर हुई सड़क दुर्घटना, किसान की मौत पर ग्रामीणों ने लगाया जाम

# कई बार हो चुके सड़क हादसे, फिर भी नहीं लिया एनएचआई ने सबक

**हार्वेस्ट के साथ युवक की करंट की चपेट में आने से मौत**

**सारंगपुर।** शुक्रवार को दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में हाजीपुर के किसान की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, वहीं दूसरी घटना में बजरंग कॉलोनी के युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पहली घटना की जानकारी में आया कि सारंगपुर से उपज बेच कर अपने गांव सईदाबाग जा रहे किसान मोहन मेवाड़ा की नेशनल हाईवे पार करते समय पंजाबी समाज की टूरिस्ट बस की टक्कर से मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे तहसीलदार आकाश शर्मा ने समझाइश देकर जाम खुलवाया।



पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। लेकिन उस जगह कई हादसे हो चुके है फिर भी एनएचआई ने सबक नहीं लिया और शुक्रवार को फिर हुई सड़क दुर्घटना में किसान की मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में सुमित परमार निवासी बजरंग कॉलोनी की खेत में करंट लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक खेत में हाइवेस्टर से फसल कटवा रहा था, तभी करंट के तार की चपेट में आ गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजा, जहां से पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंपा गया।

# भक्ति भाव के साथ माता रानी को किया गया विदा, प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

### छापी डेम पर सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

शारदीय नवरात्रि महोत्सव के समापन अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ नगर के छापी बांध पर किया गया। गरबा पंडाल एवं झांकियां में मां दुर्गा की प्रतिमाएं विराजित की गई थीं।

सुबह से मां दुर्गा भवानी के विराजित स्थल विसर्जन के लिए हवन किया गया एवं विसर्जन शोभायात्रा में भक्ति गीतों, डीजे की धुनों और जयकारों के बीच भक्तों ने माता रानी को विदाई दी। नगर के प्रमुख मार्गों बुधवारिया बाजार, अटल चौक, इंदर चौराहा, आवास कॉलोनी होते हुए छांपी बांध पर माता की प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। शोभायात्रा का समापन स्थानीय जलाशय छापीडेम पर हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। छापी डेम पर सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किए गए जहां पर थाना प्रभारी रवि ठाकुर द्वारा पुलिस बल ,नगर परिषद सीएमओ हरिओम शर्मा द्वारा परिषद कर्मचारी व मछुआरा टीम लखन मेवाड़ा द्वारा सभी प्रतिमाओं को नाव में रहकर छापीडेम में विसर्जित किया गया इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता से सुख-समृद्धि और नगर के कल्याण की कामना की। वातावरण जय माता दीके नारों से गूंज उठा और भक्त भाव-विभोर होकर विदाई में शामिल हुए।



### नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का मनोबल बढ़ाया

# खुजनेर नगर में संघ का पथ संचलन निकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वार्षिक पथ संचलन खुजनेर नगर में बड़े ही अनुशासन और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरे इस संचलन में स्वयंसेवकों की अनुशासित पंक्तियां आकर्षण का केंद्र रहीं। संचलन के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह स्वागत कर पुष्पवर्षा की और स्वयंसेवकों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर खंड संचालक दिलीप नागर एवं विभाग सहकार्यवाह भगवान सिंह उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में विभाग प्रचारक धर्मेंद्र सिंह बघेल ने स्वयंसेवकों एवं उपस्थित नागरिकों को संबोधित किया।

मुख्य वक्ता धर्मेंद्र बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत भूमि प्राचीन काल से ही विश्व गुरु एवं सोने की चिड़िया रही है। हमारा इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है, लेकिन आत्मविस्मृति के कारण हिंदू समाज अपने पूर्वजों और अपनी परंपराओं को भूल गया, जिसका परिणाम यह हुआ कि हम पराधीनता में पहुंचे। उन्होंने कहा कि डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने गहन मंथन किया और यह निष्कर्ष निकाला कि गुलामी के पीछे तीन मुख्य कारण रहे- आत्मविश्वास का अभाव, एकलवाद की प्रवृत्ति, अनुशासनहीनता। धर्मेंद्र बघेल ने उदाहरण देते हुए कहा कि "चार हिंदू एक दिशा में चलते थे तो पाँचवाँ उनके कंधे पर होता था। समाज को एकजुट करना उस समय मानो जिंदा मेंढक को तौलने जैसा कठिन कार्य था।" मुख्य वक्ता ने अपने संबोधन में संघ के पंच परिवर्तन एवं शताब्दी वर्ष की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज को समरसता, कुटुंब प्रबोधन, आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ एक दिशा में आगे बढ़ना होगा।




#### संचलन का नगरभर में किया स्वागत

पथ संचलन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक अनुशासित कदमताल करते हुए शामिल हुए। गणवेश में सुसज्जित स्वयंसेवकों ने जब नगर की सड़कों पर कदमताल किया तो वातावरण अनुशासन और राष्ट्रभक्ति से गूंज उठा। नगरवासियों ने मार्ग में पुष्पवर्षा कर तथा स्वागत द्वारों से अभिनंदन कर संघ की इस परंपरा का स्वागत किया। समापन में धर्मेंद्र बघेल ने समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया और कहा कि यदि हम आत्मविश्वास, समरसता और अनुशासन को अपने जीवन का अंग बनाएंगे, तो भारत पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित होगा।

